ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

मुल्ला का लगान
कक्षा - आठवीं

विषय – हिंदी (LOWER HINDI)
पाठ : २
पाठ का नाम : मुल्ला का लगान
PPT-3

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

फ़सल का कौन-सा आधा भाग लेना चाहते हो? ज़मीन के ऊपर का भाग या ज़मीन के नीचे का भाग?"

मौलाना ज़रूरत से ज़्यादा समझदार था, इसलिए तुरंत बोला–"ज़मीन के ऊपर का भाग।"

"तो ठीक है। बादशाह से लिखित आदेश ले आओ।"

मौलाना ने बादशाह से लिखित आदेश लिखवा लिया, जिसमें साफ़-साफ़ शब्दों में लिखा था कि आपके खेत में जो फ़सल तैयार हुई है, उसका ज़मीन के ऊपर का आधा भाग इस आदमी को दे दिया जाए।

उस साल मुल्ला ने खेत में प्याज़ बोई थी। प्याज़ ज़मीन के अंदर होती है, इसलिए मौलाना को कुछ भी नहीं मिला।

अगले साल मौलाना ने फिर से बादशाह के कान भरे और लिखित आदेश ले लिया, जिसमें यह लिखा था कि आपके खेत में जो फ़सल तैयार हुई है, उसका ज़मीन के नीचे का आधा भाग इस आदमी को दे दिया जाए।

इस बार मुल्ला ने खेत में गेहूँ बोए थे। गेहूँ तो ज़मीन के ऊपर होते हैं, इसलिए इस बार भी मौलाना हाथ मलकर रह गया।

शब्दार्थ –

लिखित = लिखा हुआ।

संबंधित प्रश्नोत्तर -

१. मुल्ला की बात सुनकर मौलाना ने क्या कहा ?
२. मौलाना ने बादशाह से कौन सा आदेश लिखवा लि
३. लिखित आदेश में क्या लिखा हुआ था ?
४. अंत में मौलाना को क्या मिला ?
५. दूसरी बार मौलाना ने बादशाह से कौन -से लिखित आदेश लिखवा लिए?
६. दूसरी बार मौलाना की क्या दशा हुई ?

७. विलोम शब्द लिखिए -

आधा x ---------
जमीन x ---------
ऊपर x ---------
लिखित x ---------
आदमी x ---------

८. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए -

फसल - ----------
अन्दर - -----------
आदेस - -----------
तेयार - -----------
बादसाह - -----------

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP